## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **ईस्ट टेक–2025 में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे सीडीएस जनरल अनिल चौहान, राज्यपाल के साथ राजभवन में किया बच्चों से संवाद, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी रहे मौजूद।**
2. **राज्यस्तरीय पोषण माह की शुरूआत, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कहा–सोशल मीडिया के सहारे बढ़ायें झारखंड के व्यंजनों की लोकप्रियता।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन पर आधारित लघु फिल्म चलो जीते हैं, झारखंड के चार शहरों में की जा रही प्रदर्शित, लोगों ने फिल्म को बताया प्रेरणादायक।**
4. **दिल्ली स्पेशल सेल की टीम रांची से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी दानिश को लेकर पहुंची बोकारो, पेटरवार में कराया क्राइम रिक्रियेशन।**

**और**

5. **राज्य के कई इलाकों में अगले दो दिनों तक गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी।**

*******************

राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में कल से तीन दिवसीय ईस्ट टेक–2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश की तीनों सेनाओं की ताकत और अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। ईस्ट टेक में शामिल होने के लिए सीडीएस जनरल अनिल चौहान आज रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। बाद में श्री चौहान ने राजभवन में ऑपरेशन सिंदूर पर बच्चों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा की।

इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे।

*******************

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। आज हम साइकिल उद्योग में एक नज़र डाल रहे हैं।

*******************

भारतीय जनता पार्टी की ओर से आगामी 25 सितंबर से लेकर 25 दिसंबर तक स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ अभियान चलाया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि कहा कि रोजमर्रा की कई ऐसी वस्तुएं हैं, जिस पर जीएसटी की दरों को शून्य कर दिया गया है।

इस दौरान श्री सिंह ने राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।

******************

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने राज्यस्तरीय आज राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड की व्यंजनों की लोकप्रियता बढ़ाने में सोशल मीडिया का सहयोग लें। इस दौरान उन्होंने कहा कि कल से शुरू हुई स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की सफलता की जिम्मेवारी आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहियाओं पर है। उन्हें ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्रों पर ले जाकर उनके स्वास्थ्य की जांच करानी है। यह कार्यक्रम माता बहनों पर फोकस है। जांच के बाद उन्हें दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी पर आधारित राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म चलो जीते हैं रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के सिनेमाघरों में दिखाया जा रहा है। रांची में इस फिल्म को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और विधायक सीपी सिंह समेत युवाओं ने देखा। इस मौके पर दर्शकों ने फ़िल्म की जमकर सराहना की और सभी के लिए प्रेरणादायक बताया।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में चौबीस सितम्बर को राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक होगी। राजधानी रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में यह बैठक दोपहर बाद तीन बजे होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग की ओर से विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गयी है। बैठक में जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी।

******************

दिल्ली स्पेशल सेल की टीम आज रांची से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी दानिश को लेकर झारखंड पहुंची। स्पेशल सेल की टीम उसे लेकर बोकारो जिले के पेटरवार पहुंची और क्राइम रिक्रियेशन कराया। इस दौरान संदिग्ध से विस्फोट समेत अन्य आपत्तिजनक सामानों की खरीदारी की जानकारी ली। गौरतलब है कि संदिग्ध आतंकी दानिश की गिरफ्तारी पिछले दिनों रांची के पत्थलकुदवा से हुई थी।

******************

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की प्रतिनिधि सूचिस्मिता सेनगुप्ता ने आज जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड के लोहारंगी गांव में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर तक पारदर्शी एवं उत्तरदाई शासन सुनिश्चित करना है।

******************

लातेहार जिले में स्थित बेतला नेशनल पार्क को 27 सितम्बर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

******************

देवघर ट्रांसमीटर में कार्यरत आकाशवाणी के अभियंता बिपिन कुमार सिंह का कल निधन हो गया। वे कैंसर रोग से पीड़ित थे और सीएमसी वेल्लोर से इलाज करा रहे थे। उनके निधन पर आकाशवाणी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया है।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के अनेक स्थानों पर 19 और 20 सितम्बर को गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं गरज और तेज हवाओं का

झोंका के साथ वज्रपात की भी संभावना है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 21 और 22 सितम्बर को कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने का पूर्वानुमान है।

**<u>******समाप्त********</u>**